तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

खनिज न्यास मद से कराये गए कार्यों की जांच हो

4
सिंघनवाही सड़क के गड्ढे बने जानलेवा, राहगीरों के ...







## अब ग्राम विकास कार्य योजना तैयार करने में ग्रामीणों की होगी सहभागिता

# मनरेगा के क्यूआर कोड से ग्रामीणों को मिलेगी पंचायत में संचालित कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत प्रत्येक माह रोजगार दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार की गारंटी के साथ मनरेगा से जुड़ी जानकारी देना और उन्हें जागरूक करना है, ताकि वे योजना का लाभ उठा सके। इस दिन मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाती है, साथ ही श्रमिकों को उनके अधिकारों, मजदूरी और काम से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जाता है।

- ई–केवायसी से सशक्त होंगे श्रमिक 15 अक्टूबर तक पूरा होगा सत्यापन

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यो का क्यू.आर.कोड़ प्रत्येक ग्राम पंचायत



के सूचना फलक पर चस्पा किया गया है, जिससे ग्रामीणजन क्यू.आर.कोड़ स्कैन कर ग्राम पंचायत में संचालित कार्यो की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके और मनरेगा कार्य योजना एवं ग्राम विकास कार्ययोजना तैयार करने में ग्रामीण सहभागिता वृद्धि हो सके।

यह डिजिटल पहल ग्रामीणों को योजनाओं की निगरानी का अधिकार देती है और शासन की डिजिटल पारदर्शिता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। ग्रामीण अब घर बैठे अपने मोबाइल से पंचायत की विकास यात्र की असली तस्वीर देख सकेंगे। यह पहल सिर्फ कागजी काम नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में जवाबदेही और पारदर्शिता का डिजिटल आंदोलन है।

अब कोई भी ग्रामीण जान सकेगा कि उसके गाँव के विकास कार्यों में एक–एक रुपये का उपयोग कैसे हो रहा है। इससे न केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, बल्कि योजनाओं पर जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। रोजगार दिवस के अवसर पर इस नवाचार से हर गांव के लोग बनेंगे सशक्त सहभागी हैं जो केवल दर्शक नहीं, बल्कि अपने गांव के विकास की असली निगरानी करने वाले होंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर तकनीक का यह उपयोग ग्रामीण समाज को देगा नई ताक़त, क्योंकि अब विकास का हिसाब होगा हर किसी की नजरों के सामने होगा।

साथ ही मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत समस्त श्रमिको का ई–केवायसी के माध्यम से श्रमिक परिवार व जॉब कार्ड का सत्यापन अभियान भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रगति पर है, वि.ख. गुरूर में 16232 श्रमिको का ई–केवायसी पूर्ण कर लिया गया है। 15 अक्टूबर तक समस्त श्रमिको का सत्यापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। गांव–गांव, पारा मोहल्ला में मुनादी और रोजगार दिवस के माध्यम से सभी को अवगत कराया जा रहा है।

जो श्रमिक ई–केवायसी नही कराए है वह भविष्य में मनरेगा कार्य से वंचित हो सकते है। साथ ही ऐसे जॉब कार्ड जो कि योजना प्रारंभ से निक्रिरय है अर्थात कोई भी सदस्य आज तक मनरेगा कार्य पर नही गया है, ई–केवायसी सत्यापन नही होने की स्थिति में स्वतः विलोपित किया जावेगा।

## नपं में लगेंगी 28 पटाखा दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें दीपावली पर्व के मद्देनजर फटाका व्यापारियों के लिए जगह का चिन्हांकन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम, थाना प्रभारी एवं नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, सलीम खान, फैज बख्श, सोहन सोनी, मनोज बिंझेकर, और फटाका व्यापारी उपस्थित थे।

अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बाजार के मेन रोड़ से 10 फीट की दूरी छोड़कर 28 फटाका दुकानों के लिए जगह चिन्हांकित की गई है। सभी फटाका व्यापारियों को नगर पंचायत में अपना लाइसेंस और फीस जमा करने तथा सुरक्षा उपकरणों जैसे रेत, पानी के साथ ही दुकान लगाने की अनुमति दी गई है।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी परेशानी न हो। मेन रोड पर सब्जी का पसारा लगाने वाले व्यापारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं, सभी सब्जी व्यापारी बाजार में बने चबूतरे पर ही अपनी सब्जी की दुकान लगावे। यदि सब्जी व्यापारी इन निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो तहसीलदार और नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी मौके पर जाकर कार्यवाही करेंगे।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी हुमन लाल साहू (42 वर्ष) की ठाकुर पारा तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मृतक नित्यदीन की भांति सुबह लगभग 7 बजे तालाब में नहाने गया था की नहाने के दरम्यान गहरे पानी में चले से पानी में डूब गया। जिसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण तालाब में डुबकी लगाकर खोजबीन किए काफी समय के बाद मृतक का शव गहरे पानी के नीचे मिला, जिसे बाहर निकाला गया। किंतु उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ का जमावड़ा हो गया, उक्त तालाब में इसके पूर्व स्कूली छात्र व छात्रा की डूबने से मौत हो गई है। मृतक हुमन साहू की उक्त तालाब में डूबने से तीसरी मौत है ,मृतक थानूराम, हेमंत का भाई व खिलेश्वर के पिता थे। घटना की जानकारी राजहरा थाना में दी गई ,राजहरा पुलिस बल घटना स्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिए व मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## नो पार्किंग के वाहनों पर पुलिस कार्रवाई



**बालोद।** नो पार्किंग में खड़े 10 वाहनों पर यातायात पुलिस ने का ताला लगा दिया। वहीं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों पर 20 हजार का जुर्माना लगाया गया। जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को जयस्तंभ चौक, कचहरी के पास नो पार्किंग में अवैधानिक रूप से खड़े किए गए 10 वाहनों पर यातायात पुलिस बालोद द्वारा कार्रवाई कर 3 हजार का समन शुल्क वसूल किया। साथ ही वाहन चालकों को समझाईश दी गई कि वे नो पार्किंग में वाहन ▸▸| शेष पेज 04 पर

## पंचायत कार्यालय में लटका ताला, सचिव को नोटिस



**डोडी।** ब्लॉक के अनेक पंचायतो के सचिव बेलगाम हो गए हैं। शासन के नियम कायदे को ताक में रखकर अपने मर्जी से पंचायतों में बैठते सोमवार को ग्राम पंचायत नर्रालगुड़ा कार्यालय में ताला लटके हुए लोगों को मिला जिसकी शिकायत के बाद जनपद सीईओ ने सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। ज्ञात की डोंडी क्षेत्र के अंदरूनी ग्रामीण इलाका के ग्राम पंचायत नर्रालगुड़ा पंचायत भवन में दोपहर को ही ताला लटका हुआ मिला। इस कारण पंचायत मे विभिन्न काम को लेकर आने वाले ग्रामीणजनो को भटकना पड़ा। जिसकी जानकारी मिलने पर लोग पंचायत कार्यालय में ताला बंद के वीडियो तथा फोटो भेजकर डोंडी के जनपद सीईओ को वास्तविक से अवगत कराया गया। जिसके बाद शाम को जनपद सीईओ डीडी मंडले के द्वारा ग्राम पंचायत नर्रालगुड़ा के सचिव श्यामलाल ठाकुर को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब देने के साथ कहा गया है।

## वाहन की ठोकर से बाइक सवार घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल के माध्यम से जा रहे व्यक्ति को पिकअप ने सामने से ठोकर मार दी। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति के भाई ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने 184 एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम पर्रेकौडो थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर निवासी भीरूराम ने पुलिस को बताया कि का 12 अक्टूबर को मरकाटोला के मुकेश कौडो मुझे फोन के माध्यम से बताया कि आपका बडा भाई भीराराम कौडो अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 19 बी के 9907 को स्वयं चलाते हुए डौंडी से वापस घर पर्रेकौडो जा रहा था। इसी दौरान शाम करीबन 06 बजे मथाई चौक डौंडी होटल के पास मेन रोड सामने से पिकअप क्रमांक सीजी 07 बी पी 8411 के चालक ने सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे आपके भाई के सामने सिर, मुंह व सिर के पीछे चोट लगा है, जिसे सरकारी अस्पताल लेकर गये है, फिर मैं तुरंत डौंडी सरकारी अस्पताल पहूंचा तो मेरा बडा भाई भीराराम गंभीर रूप से चोट लगने से घायल हो गया था, जिसे डॉक्टर साहब द्वारा प्राथमिक उपचार कर उच्च ईलाज हेतु रिफर करने पर परिवार के अन्य सदस्य लोग अस्पताल राजहरा लेकर गये है।






8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए

# फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)

## AVAILABLE COURSES

- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety









गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए
प्रशिक्षण शुल्क में छूट

एडमिशन हेल्पलाइन :
76972-12782

# फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट

FSDMI
अहं अस्मि रक्षक:

मान्यता प्राप्त संस्था | भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | निजी प्रशिक्षण संस्थान

1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023

fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai

12 वर्षों से आपकी सेवा में

## खबर संक्षेप



### जिला पंचायत सभापति ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**अंडा।** जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य प्रिया साहू द्वारा अपने क्षेत्र के समस्याओं को सुनने एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जनता के बीच जाकर उनके साथ गांव में ही चौपाल लगा कर उनकी समस्याओं को सुनने एवं समाधान करने की शुरुआत ग्राम खुरसुल से की। गांव के लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे तथा गांव में अवैध शराब बिक्री, तालाब निस्तारी, अवैध खनन के मामलों के साथ-साथ जैसे मूलभूत समस्याओं का समाधान निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है की पहली बार ऐसा हुआ है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय ही वोट मांगने गांव आते है, उसके बाद 5 साल जनता के बीच जाते ही नहीं। जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू के साथ लक्ष्मी साहू, जनपद सदस्य एवं सरपंच, सभी पंच एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डिजिटल तरीके से सीखेंगे बच्चे कोड़िया स्कूल में लगा स्मार्ट टीवी



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़िया के स्कूल शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कोड़िया को योगिता चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सभापति दुर्ग द्वारा स्मार्ट टीवी एवं साउंड सिस्टम प्रदान किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगिता चंद्राकर ने कहा कि इस स्मार्ट टीवी से स्कूल के बच्चे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधि को मनोरंजक तरीके से अब सीख सकेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद दुर्ग व तीर्थ कुमार चंद्राकर, कोड़िया स्कूल के प्राचार्य नीलमनी उज्जवने, सेवानिवृत शिक्षक जगदीश दीपक, सरपंच खुमान निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर चंद्राकर, पूर्व सरपंच राजू लाल, पूर्व उपसरपंच चंद्रकुमार चंद्राकर, मलेश निषाद, यादवेन्द्र साहू, प्रधान पाठक सुधा रॉय, शिक्षकगण सुरेश देवांगन, रश्मि मेहता, जागेश्वरी वर्मा, तारिणी रंगारी पूर्व प्रधान पाठक आरती साहू और कोड़िया के नागरिकगण शामिल हुए।

### प्रभा ने देह दान की घोषणा की

**गुण्डरदेही।** अर्जुन्दा की बहू व गुण्डरदेही की बेटी प्रभा सोनकर 38



वर्ष ने अपने मृत्यु उपरांत अपने शरीर को एम्स रायपुर को चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान के लिए देह दान देने की घोषणा की है। इनके पहले गुण्डरदेही के पुर्व पार्षद राजेश नामदेव ने भी अपनी देह दान देने की घोषणा कर चुके है। राजेश नामदेव की प्रेरणा से ही प्रभा सोनकर ने देहदान करने की घोषणा की है। इस पुण्य कार्य के लिए देह दान दाता प्रभा सोनकर का एम्स रायपुर द्वारा उन्हे सम्मानित किया है। गुण्डरदेही क्षेत्र मे यह दुसरी देह दान दाता है।

## सर्व आदिवासी समाज ने जांच के लिए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# खनिज न्यास मद से कराये गए कार्यों की जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डोंडी ने विकासखंड में खनिज न्यास मद से 2019-2020 से 2022-23 तक कराए गए विभिन्न कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। समाज के अध्यक्ष रोहित माहला और महामंत्री सुनहेर कोसमा सहित सदस्यों ने बताया कि जिले के एकमात्र आदिवासी ब्लॉक डौंडी में विकास के नाम पर आई करोड़ों की राशि का जमकर दुरुपयोग हुआ है। उनका आरोप है कि शासकीय मापदंडों की अनदेखी कर राशि का बंदरबांट किया गया है।

समाज ने ग्राम पंचायत सिंघोल्ला के सुकड़ीगुहान में 49 लाख के बांस हस्तकला प्रशिक्षण, साथ ही बम्हनी, कुंजकन्हार,



भैंसबोड़, सल्हाईटोला, ठेमा बुजुर्ग में हुए बांस हस्तकला, ड्रैगन फ्रूट विकास प्रशिक्षण, मशरूम प्रोडक्शन यूनिट और कड़कनाथ मुर्गी पालन यूनिट जैसे विभिन्न कार्यों में हुए खर्चों की तथ्यात्मक जांच की मांग की है। इंटीग्रेटेड सोलर सिस्टम लाइट की खरीद में भंडार क्रय नियम को दरकिनार कर ऊंचे दरों पर खरीदारी करने की जांच की मांग की गई है। आदिवासी सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्ष/सभापति के पद पर गैर-आदिवासियों की नियुक्ति को छ.ग. सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1960 का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

अनुविभागीय अधिकारी मुख्यालय, उप पंजीयन कार्यालय और परियोजना कार्यालय को डौंडी ब्लॉक मुख्यालय में स्थापित करने की मांग दोहराई गई है। इसके अलावा, जर्जर आश्रम-छात्रावासों में सीट वृद्धि, बेजा कब्जा हटाने, किसानों को धान फसल नुकसान का मुआवजा, बिजली दुर्घटना की जांच और अवैध शराब/नशे पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी शामिल है। सर्व आदिवासी समाज ने प्रशासन को एक माह का समय देते हुए मांग की है कि इस अवधि में जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, अन्यथा वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। समाज ने इससे पहले भी ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की है।

## आरएसएस ने किया पथ संचलन



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव के अंतर्गत पथ संचलन का आयोजन कचांदूर मंडल में किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गणवेश में पथ संचालन कर शस्त्र पूजा की गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम के मोहनलाल साहू ने की। मुख्य वक्ता केशव राम साहू थे। उन्होंने कहा कि संघ की विचारधारा मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव पैदा करती है, विविध आयामों के माध्यम से देशभक्ति के संस्कारों से ओतप्रेत स्वयंसेवक समाज में समरसता स्वदेशी पर्यावरण जैसे अनेक विषयों पर जागरण का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में खंड संघ चालक इवन सिन्हा, जिला बौद्धिक प्रमुख गोविंद साहू, खंड कार्यवाह वेद कुमार, घनानंद साहू, आचार्य कौशल जांगड़े, युवराज मारकंडे, हेमंत साहू, युगल किशोर मारकंडे, भूषण साहू, चंदूलाल, गजेंद्र यादव, किशन लाल साहू उपस्थित थे।

## डॉ. सार्वा अध्यक्ष और हेमंत बने उपाध्यक्ष



**गुण्डरदेही।** डॉ. मानसिंह सार्वा तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए। वे 206 मत अधिक पाकर दोबारा अध्यक्ष बने, उपाध्यक्ष पद के लिए हेमन्त साहू को भी दोबारा मनोनीत किया गया। वहीं महिला उपाध्यक्ष पद के लिए रामदुलारी साहू को मनोनीत किया गया। संगठन सचिव पद में किशन लाल साहू 49 मत अधिक पाकर विजयी हुए, महिला संगठन सचिव के लिए तीरथदेवी साहू को मनोनीत किया गया। इस प्रकार दो पदों में मतदान के माध्यम से और तीन पदों में समन्वय बिठाकर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। तहसील साहू संघ के चुनाव में इस वर्ष डेलिगेट सिस्टम को हटाकर पुराने पद्धति से चुनाव कराया गया, जिसमे ग्रामीण से नियुक्त पदाधिकारी, परिक्षेत्र से नियुक्त पदाधिकारी व आजीवन संरक्षक सदस्य चुनाव में अपने मत दिए। इस बार तहसील साहू संघ गुण्डरदेही में लगभग 18 सौ मतदाता मे से 13 सौ ने मत दिए है। गुण्डरदेही में 85 गांवों के निर्वाचित पदाधिकारी और सात परिक्षेत्र के पदाधिकरियों ने अपनी मत का प्रयोग किए।

# जिले के 21 हजार छात्रों ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बालोद जिले से कुल 21 हजार छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। जिला संयोजक मिलन सिन्हा और जिला संयोजक मिलन सिन्हा ने बताया कि बालोद जिले के सभी विकासखंडों के 551 विद्यालयों से कक्षा 5वीं से 12वीं तथा महाविद्यालय स्तर तक कुल नौ वर्गों के विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल, तथा प्रथम पुरस्कार 700, द्वितीय पुरस्कार 500, तृतीय पुरस्कार 400 नकद राशि प्रदान की जाएगी। वहीं ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रें को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा के संचालन में लोचन साहू, युगल साहू, बालाराम सोनवानी, नरेंद्र साहू, डॉ. गोपाल साहू, रोहित साहू, चंद्रिका चंद्राकर, विमल साहू, नंद किशोर पिस्दा, संजय खरे, विजयेन्द्र विश्वकर्मा, भोला राम साहू, विष्णु बघमरिया, प्रज्ञानंद बघमरिया, ओमप्रकाश केसरा, तुलसी साहू, पीलू साहू, पुराणिक सोरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### 70 छात्रों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**डौंडीलोहारा।** बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना है, ताकि आने वाली पीढ़ी भी भारतीय विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ाया जा सके। परीक्षा में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, साहित्य, धर्म, नैतिकता और राष्ट्रीय गौरव से जुड़े बहुविकल्पीय प्रश्नों को हल करना था। बच्चों ने पूरी गंभीरता और लगन के साथ परीक्षा में भाग लेकर अपनी रुचि और ज्ञान का परिचय दिया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए केवल ज्ञानवर्धन हुआ बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति आत्मीयता भी बढ़ी। कार्यक्रम का संचालन केंद्राध्यक्ष एलके ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। परीक्षा प्रभारी अविनाश कुमार साहू ने संपूर्ण व्यवस्था का संचालन किया। परीक्षा सहायक के रूप में आरएन योगी, भूपेंद्र कुमार पटेल, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, टी साहू एवं सूर्योदय मानिकपुरी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने इस परीक्षा को सफल बनाने में समर्पित भाव से सहयोग दिया। विद्यालय में इस आयोजन से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ।

## आईटीआई में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संजारी में 10 अक्टूबर को एचआईवी/ एड्स विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों एवं ग्रामवासियों में एचआईवी/ एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके रोकथाम संबंधी जानकारी प्रदान करना था। मुख्य वक्ता स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुम्हारे जी उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय और इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इससे समाज में सकारात्मक सोच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का माहौल बनेगा। कार्यक्रम के पश्चात आईटीआई संजारी के प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों ने संजारी गांव में जनजागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को एचआईवी/एड्स से बचाव एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

## सरदार पटेल मैदान में सुवा नृत्य जारी



**बालोद।** दीपावली से पहले जिले के सरदार पटेल मैदान में सुवा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें युवतीयां पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होकर सुवा नृत्य में भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ क्रांती सेना के महिला विंग द्वारा दीपावली के पहले सुवा नृत्य का भव्य आयोजन किया गया है। देर शाम प्रारंभ होने वाले इस सुवा नृत्य को देखने शहर के साथ राह चलते राहगिर व छोटी बच्चीयां इस नृत्य को देखने पहुंच रहे हैं। सुवा नृत्य के पंडाल को भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति के आधार पर सजाया गया है।

## सीईओ रात्रे की अध्यक्षता में सचिवों की हुई समीक्षा बैठक



**गुरूर।** जिला सीईओ के निर्देशन एवं सीईओ जनपद पंचायत गुरुर उमेश रात्रे की अध्यक्षता मे जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत सर्व ग्राम पंचायत के सचिवों का आवास प्रगति के संबंध मे समीक्षा मीटिंग जनपद सभागार मे आयोजित की गई। जिसमे सभी लंबित आवासो को 20 अक्टूबर तक टारगेट 123 आवास पूर्ण करने, सभी आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने, ग्राम पंचायत मे प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची मे पात्र शेष का दस्तावेज जमा करने एवं जियोटैगिंग करवाने के निर्देश दिया गया। साथ ही आवास के प्रगति एवं पूर्णता के आधार पर अच्छा कार्य करने वाले पंचायत को सम्मानित सीईओ उमेश रात्रे के माध्यम से किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से एडिशनल सीईओ एनके बागड़े, आवास तकनीकी सहायक चंद्रशेखर सिन्हा, सचिव संघ अध्यक्ष पन्ना लाल सिन्हा, रोहित सिन्हा एवं अन्य सचिव गण एवं स्टॉफ उपस्थित थे।

# सिंघनवाही सड़क के गड्ढे बने जानलेवा, राहगीरों के लिए है खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित कुसुमकसा से पंडेल सिंघनवाही तक की सड़क पर कुसुमकसा-दल्लीराजहरा रेल फाटक के पास दो से तीन फीट गहरे गड्ढे होने से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने 30 सितंबर को कलेक्टर बालोद के जनदर्शन में आवेदन देकर सड़क संधारण की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया।

लगातार हो रही दुर्घटनाओं और आवागमन की समस्या को देखते हुए, ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने गड्ढों में मुरूम डलवाकर अस्थाई राहत प्रदान की है। गड्ढा होने की मुख्य वजह रेलवे फाटक के दोनों ओर रेलवे की अधिकृत जगह छोड़कर लगभग 100-100 फीट तक सड़क का निर्माण न किया जाना है। इस छोड़ी गई जगह में बरसात का पानी जमा होने से यह मार्ग अब डबरीनुमा गड्ढे में बदल गया था, जिससे बाइक और चार पहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। यह सड़क गुंडराटोला, अडजाल, सिंघनवाही समेत कई गांवों के लिए मुख्य मार्ग है।

अनिल सुथार ने सड़क निर्माण में पीएमजीएसवाय और रेलवे विभाग के बीच तालमेल की कमी को जिम्मेदार ठहराया है और जांच की मांग की है कि किसके निर्देश पर 100-100 फीट जगह छोड़ी गई। पीएमजीएसवाय बालोद के ईई शंकर ध्रुव ने मीडिया को बताया कि गड्ढों के संधारण के लिए ठेकेदार को जल्द ही कार्य कराने को कहा गया है। उन्होंने रेलवे फाटक के दोनों छोर पर रेलवे की जगह होने के कारण सड़क निर्माण न किए जाने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने जनदर्शन में आवेदन देने के 15 दिन बाद भी कार्रवाई न होने पर जनदर्शन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।

# हायर सेकंडरी में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा नशे की समस्या एक गंभीर समस्या बन चुकी है और पूरी दुनिया में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है। व्याख्याता हर्षा देवांगन ने कहा नशा हमारे समाज की एक जटिल समस्या बन चुकी है जो दिन प्रतिदिन और गहरी होती जा रही है। चंद्रमणि वासनिक व्याख्याता ने कहा नशा चाहे शराब सिगरेट डिजिटल नशा हो व्यक्ति के शारीरिक मानसिक और स्वास्थ्य को खराब करता है। प्रभारी भागवत साहू ने कहा नशा नाश की जड़ है। पवन सिंहा ने बताया कि नशा से कैसे व्यक्ति की सोच नकारात्मकता की ओर चला जाता है और व्यक्ति मानसिक रोगी हो जाता है। चंद्रा देवनाथ ने शराब के दुष्प्रभाव को बताया, बिंदु पटेल व्याख्याता संगवारी गुरुजी ने नशा मुक्ति जागरूकता पर कविता प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान में गीत कविता प्रस्तुत की गई, जिसमें मयंक देवांगन अभिषेक मोहित, उपासना, चहक, भावना उपरोक्त विद्यार्थी शामिल थे।

### पेज 3 का शेष

#### नो पार्किंग के वाहनों पर पुलिस ...

खड़ी न करें। हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने पुलिस प्रशासन बालोद का सहयोग करें। 11 अक्टूबर को शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 02 ट्रकों पर यातायात पुलिस बालोद द्वारा कार्रवाई कर 13 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने दोनों शराबी वाहन चालकों से 10–10 हजार का कुल 20 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया।साथ ही वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि भविष्य में दोबारा शराब सेवन कर वाहन चलाते पाएं जाने पर अर्थदण्ड के साथ–साथ करावास से भी दण्डित किया जावेगा।

## गौ संरक्षण के लिए खंडवार बनाई समिति

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग द्वारा गौ माता के संरक्षण, संवर्धन के लिए आयोग समिति का निर्माण किया है। जिला में इस समिति ने योगेश्वर यादव (बेलमांड) को अध्यक्ष और गौ पुत्र पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को सदस्य नियुक्त किया है। इस समिति का प्रमुख कार्य गौ माता की हो रही तस्करी को




रोकना, गौ माता की मानव जीवन में उपयोगिता, पंचगव्य चिकित्सा, गौ आधारित कृषि, गौ माता से पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाना, गो विज्ञान से लोगो को अवगत कराना सहित शासन द्वारा जारी महत्वाकांक्षी योजना गोधाम योजना के क्रियान्वयन जिम्मेदारी इस समिति की होगी। इस समिति के अन्य सदस्यो मे खुमान सिन्हा सोहतरा, विनोद साहू लाटाबोड़, गोविंद साहू राहुद, रविन्द्र साहू धनोरा की नियुक्ति की गई है। इसी तरह की समिति प्रत्येक खंड में भी बनाई गई है। 14 अक्टूबर को पदभार एवं शपथ ग्रहण समारोह में गौसेवा आयोग सरगुजा कुटीर रायपुर में पदाधिकारी भाग लेकर पद ग्रहण करेंगे।

### निधन



#### निशा साहू

**अंडा।** दुर्ग बोरसी निवासी शिक्षिका निशा साहू का 12 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे उनके निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर निगम दुर्ग के पूर्व एल्डरमैन प्रकाश साहू की पत्नी, पार्षद दीपक साहू राजेश साहू की बहु और सतीश साहू की भाभी व बालोद जिला ओटेबंद भाजपा मंडल अध्यक्ष व सेवा सहकारी समिति परसदा के अध्यक्ष कुलदीप साहू के बहन थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130